## भा.कृ.अनु.प. - सीफेट ने जीवित मछली के परिवहन के लिए पेटेंट तकनीक लाइव फिश कैरियर सिस्टम की पहली व्यावसायिक इकाई जारी की

लाइव फिश कैरियर सिस्टम (एलएफसीएस) का पहला वाणिज्यिक मॉडल, आईसीएआर-सीफेट, लुधियाना द्वारा आविष्कृत और व्यावसायीकृत जीवित मछली के परिवहन के लिए एक पेटेंट तकनीक को आज हिमाचल प्रदेश के श्री शिशुपाल डोगरा को बेचा गया, जो सरोवर एक्वाकल्चर के मालिक हैं। डॉ. नचिकेत कोतवालीवाले, निदेशक, आईसीएआर-सेंट्रल इंस्टीट्यूट ऑफ पोस्ट हार्वेस्ट इंजीनियरिंग (आईसीएआर-सीफेट) ने एलएफसीएस की पहली वाणिज्यिक इकाई का विमोचन प्रौद्योगिकी के आविष्कारक डॉ. अरमान यू. मुजद्दादी, प्रौद्योगिकी हस्तांतरण विभाग के प्रमुख डॉ. डी.एन. यादव, सभी वैज्ञानिक, और किसानों का एक समूह उपस्थिति में किया | यह विमोचन आईसीएआर-सीफेट, लुधियाना मुख्य परिसर में हुआ। सिस्टम का लाइसेंस प्राप्त निर्माता मैसर्स रफ़्तार इंजीनियरिंग प्रा. लिमिटेड लुधियाना ने विमोचन के तुरंत बाद श्री डोगरा को सिस्टम सौंप दिया। यह तकनीक अत्यधिक मांग में है जो लगभग 4-5 घंटे की यात्रा अवधि के लिए 5% से कम की पारगमन मछली मृत्यु दर के साथ खेत से बाजार तक जीवित स्थिति में विभिन्न प्रकार की मछलियों को ले जाने के लिए उपयोगी है। पारम्परिक क्रूड प्रणाली में पारगमन मछली मृत्यु दर अन्यथा 50-60% या 100% है। प्रणाली एक व्यक्ति द्वारा मछली को संभालने के लिए सुविधाजनक है जबकि पारंपरिक विधि में 4-5 मजदूरों/यात्रा की आवश्यकता होती है। एलएफसीएस प्रति ट्रिप 200 किलोग्राम जीवित मछली ले जा सकता है।

लाइव फिश कैरियर सिस्टम की व्यावसायिक इकाई का विमोचन डॉ. नचिकेत कोतवालीवाले, निदेशक, आईसीएआर-सीफेट, लुधियाना द्वारा किया जा रहा है

ICAR - CENTRAL INSTITUTE OF POST HARVEST ENGINEERING & TECHNOLOGY